# उत्तर प्रदेश को ग्रोथ और गति के पंख मिले : नंदी

- इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को मिला धरातल
- औद्योगिक विकास माडल मजबूत बुनियाद पर आधारित

जागरण संवाददाता, एटा : प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को ग्रोथ और गति के पंख मिल रहे हैं। एटा के चहुंमुखी विकास की स्वर्णिम यात्रा शुरू हो चुकी है। युवाओं को रोजगार सृजन की दृष्टि से नए उद्योग लगना महत्वपूर्ण हैं।

श्री सीमेंट के लोकार्पण समारोह में आए लोगों से प्रदेश सरकार के मंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश निवेश और नए उद्योगों की स्थापना में एक रोल माडल के रूप में उभरा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के सफल आयोजन के बाद अब सभी प्रोजेक्ट साकार रूप ले रहे हैं। श्री सीमेंट की फैक्ट्री इसका उदाहरण है। उत्तर प्रदेश का औद्योगिक विकास माडल वास्तविकता की ठोस और मजबूत बुनियाद पर आधारित है। ग्रोथ और गति को



श्री सीमेंट के लोकार्पण समारोह से पूर्व निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उनके साथ मौजूद प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी • जागरण

पंख मिलने से नए भारत के नए उत्तर प्रदेश को ग्रोथ इंजन के रूप में नई पहचान मिली है। हम सबसे बड़ी आबादी वाले होने के साथ ही सबसे बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने वाला प्रदेश बन चुके हैं।

बदले परिवेश व इको सिस्टम और सरल निवेश के कारण निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। पारदर्शी कार्यप्रणाली और अनुकूल नीतियों ने निवेशकों का भरोसा और विश्वास अर्जित किया है। चाक-चौबंद कानून व्यवस्था, पारदर्शी जवाबदेही, सिंगल विंडो सिस्टम, सेक्टर वाइज प्रैक्टीकल, सेक्टोरल पालिसीज, एयर और वाटर कनेक्टिविटी एवं निवेश फ्रेंडली इको सिस्टम ने उत्तर प्रदेश के इंडस्ट्रियल डबलपमेंट को नई ऊंचाई और नई रफ्तार प्रदान की है। यही कारण है कि जहां दुनिया में इंवेस्टमेंट का बेस्ट डेस्टीनेशन भारत है तो वहीं देश में उत्तर प्रदेश है। उन्होंने कहा कि एटा को नई पहचान मिल रही है। यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो रहा है। सामाजिक, आर्थिक विकास में उद्योगों का योगदान बढ़ रहा है।